टी0ए0 मिस केस सं0 96/2018-19

दिनांक	आदेश	अभ्युक्ति
21.06.19	अभिलेख उपस्थापित। आवेदक **रोहित सागर बोदरा**, पिता– **स्व0 सुरेश बोदरा**, ग्राम– **तमाडबाँध**, थाना– **मुफफसिल** जिला– पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा ने मौजा– **तमाडबाँध**, थाना नं०– **125** ,खाता नं०– **37**, प्लॉट नं०– **357**, रकवा– **0.05** एकड़ भूमि क्रेता **पुनीता देवगम**, पिता– **श्री विजय सिंह देवगम**, ग्राम– **तुईबीर** थाना– **मुफ्फसिल** के पास में बिक्री के द्वारा हस्तान्तरित करने की मांग की गई है। इस संबंध मे छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1) (ए) के अन्तर्गत इस न्यायालय से उपरोक्त प्लॉट की बिक्री हेतु आम सूचना निर्गत किया गया। अंचल अधिकारी, सदर चाईबासा से जाँच प्रतिवेदन की माँग की गई, जो प्राप्त हुआ। विक्रेता के द्वारा भी इस संबंध में आवश्यक दारस्तावेज प्रस्तुत किया गया। दारस्तावेज के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि **आवेदित भूमि आवेदक के पिताजी के नाम पर खतियान में दर्ज है। आवेदक का आवेदित भूखंड पर शांतिपूर्ण दखल है।** अंचल अधिकारी, सदर चाईबासा का जाँच प्रतिवेदन पत्रांक–**271**, दिनांक– **6.4.2019** एवं विक्रेता द्वारा प्रस्तुत आवश्यक दस्तावेजों के अवलोकन से ज्ञात होता है कि परिवारिक चिकित्सा एंव अन्य धरेलु कार्य हेतु रूपये की आवश्यकता होने के कारण भू–खण्ड को क्रेता **पुनीता देवगम**, पिता– **श्री विजय सिंह देवगम**, ग्राम– **तुईबीर**, थाना– **मुफ्फसिल चाईबासा** के पास **1,75,000.00/–(एक लाख पच्चहतर हजार) रूपये** में बिक्री करना चाहते हैं। इस संबंध में किसी को किसी प्रकार का आपत्ति प्राप्त नहीं हुआ है। जाँच प्रतिवेदन से यह स्पष्ट होता है कि विक्रेता एवं क्रेता दोनों **मुफ्फसिल** थाना के निवासी है। उक्त दोनों अनुसूचित जन जाति के सदस्ये हैं। ग्रामीण मुण्डा का बिक्री करने संबंधी अनुशंसा प्रतिवेदन प्राप्त है जो अभिलेख में संलग्न है। उपरोक्त प्लॉट की बिक्री के पश्चात् आवेदक के पास शेष **3.00** एकड़ भूमि से ज्यादा बचता है। आवेदक के पास भरण पोषण हेतु पैत्रिक भू–सम्पति प्रर्याप्त है। अतः अंचल अधिकारी, सदर चाईबासा एवं ग्रामीण मुण्डा के अनुशंसा के आलोक में विक्रेता **रोहित सागर बोदरा**, पिता– **स्व0 सुरेश बोदरा**, ग्राम– **तमाडबाँध**, थाना– **मुफ्फसिल**, क्रेता **पुनीता देवगम**, पिता– **श्री विजय सिंह देवगम**, ग्राम– **तुईबीर**, थाना– **मुफ्फसिल चाईबासा** के पास जमीन का **1,75,000.00/–(एक लाख पच्चहतर हजार) रूपये** मे मौजा– **तमाडबाँध**, थाना नं०– **125** ,खाता नं०– **37**, प्लॉट नं०– **357**, रकवा– **0.05 एकड** जमीन को बिक्री करने हेतु छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46 (1)(ए) के अन्तर्गत बिक्री द्वारा हस्तांतरण करने की ....स्वीकृति.... दी जाती है। लेखापित। (हस्ताक्षर) 21/6 भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता सदर चाईबासा। (हस्ताक्षर) 21/6/19 भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता सदर चाईबासा।	

Scanned with CamScanner